# जापान ऊर्जा, स्वास्थ्य व कृषि के क्षेत्र में करेगा निवेश

## जापान के उप रक्षामंत्री की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने दोनों उप मुख्यमंत्री से मुलाकात में दिया भरोसा

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** जापान चीन के बजाय अब भारत में बड़ा निवेश करेगा। खास तौर पर यूपी में ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण क्षेत्र में काम करने को तैयार है। यह भरोसा जापान के उप रक्षामंत्री फ्यूजिमारो सतोशी ने दिया है। वे सोमवार को राजधानी में थे। उन्होंने डिप्टी सीएम केशव मौर्य एवं ब्रजेश पाठक से मिलकर यह इच्छा जताई।

जापान के पूर्व आईटी मंत्री व यूपी, जापान इकोनॉमिक, सोशल एंड इंडस्ट्रियल कमेटी के चेयरमैन नाओकाजू ताकेमोतो ने कहा कि जापान यूपी के विकास में सहभागी बनने को तैयार है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में भी जापान ने निवेश की तैयारी की है। डिप्टी सीएम से मिलने के बाद गोमतीनगर स्थित एक होटल में ताकेमोतो ने कहा कि जापान चाहता है कि यूपी भी टोकियो जैसा सुंदर बने। यूपी में लॉ एंड आर्डर की स्थिति बेहतर है जो ऐसे में यहां निवेश की संभावनाएं ज्यादा हैं।

### कहा, चीन की बजाय अब जापान पूरा निवेश भारत में करने की ओर अग्रसर





जापान के उप रक्षामंत्री फ्यूजिमारो सतोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को डिप्टी सीएम केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। -विज्ञप्ति

### उन्नाव में भारत-जापान आर्थिक एवं औद्योगिक विकास समिति के कैंप कार्यालय का शुभारंभ

**उन्नाव।** नवाबगंज ब्लॉक के इटकुटी गांव स्थित सना फार्म में भारत-जापान आर्थिक और औद्योगिक विकास समिति के कैंप कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि व समिति के संस्थापक अध्यक्ष नाओकाजू ताकेमोतो ने कहा कि लखनऊ से दिल्ली के बीच बुलेट ट्रेन का संचालन, हर गांव में 24 घंटे बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए जापान आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग करेगा। ब्यूरो

### बुलेट ट्रेन के प्रस्ताव पर तेजी

यूपी, जापान इकोनॉमिक, सोशल एंड इंडस्ट्रियल कमेटी के इंडियन को-आर्डिनेटर मो. जावेद खान ने ताकोमोतो कहा कि सबसे अहम दिल्ली से लखनऊ के बीच बुलेट ट्रेन का प्रस्ताव है। इसकी फिजिबिलिटी स्टडी चल रही है। मुंबई से अहमदाबाद के बीच 500 किमी में एक लाख तीस हजार करोड़ के इस प्रस्ताव पर काम चल रहा है। लखनऊ के प्रस्ताव पर काम होने के बाद यह पूरा ट्रैक दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, पटना, चेन्नई , मुंबई व फिर अहमदाबाद को कनेक्ट करेगा। इस प्रस्ताव पर बैठक में चर्चा हुई। यूपी में बांदा और हमीरपुर में कृषि इंस्टीट्यूट जापान के निवेश से खोलने पर भी सहमति बनी है।